वै.औ.अ.प.–भारतीय पेट्रोलियम संस्थान
(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद)
पोस्ट–आइ. आइ. पी., मोहकमपुर, हरिद्वार रोड
देहरादून–248 005, उत्तराखंड (भारत)
वेबसाइटः www.iip.res.in

Creating Future Fuels

विज्ञापन सं0 03/2017 – भापेसं में परियोजना सहायक (ड्राइवर) के अस्थायी पद हेतु
दि0 23.11.2017 को ट्रेड टेस्ट/स्किल टेस्ट

निदेशक, भारतीय पेट्रोलियम संस्थान, ''**Performance evaluation of new engine lubricant formulation for motor cycle oil (MCO) through field trials**'' शीर्षक वाली परियोजना के लिए परियोजना–प्रायोजक की ओर से 32 परियोजना सहायक **(ड्राइवर)** का अस्थायी आबंधन करने के इच्छुक हैं। पात्रता संबंधी मानदंडों एवं अन्य शर्तों का विवरण नीचे दिया गया है:

क्रम सं.	**अस्थायी पद एवं वृत्तिका**	**अनिवार्य अर्हता एवं आयु–सीमा**	**ट्रेड टेस्ट/स्किल टेस्ट हेतु उपस्थित होने की तिथि व समय**
1.	परियोजना सहायक (ड्राइवर) रु 12844/– प्रति माह (नियत) अस्थायी पदों की संख्याः 32	**अनिवार्य अर्हताः** 10 वीं कक्षा उत्तीर्ण सहित तीन वर्ष पुराना विधिमान्य ड्राइविंग लाइसेंस (चालक अनुज्ञप्ति) (गिअरयुक्त दुपहिया वाहन) **वांछनीयः** 1. किसी भी व्यवसाय में औद्योगिक प्रशिक्षण (आइ.टी.आइ.) प्रमाण पत्र; 2. हल्के मोटर वाहनों (एल.एम.वी) चलाने का एक से तीन वर्ष पुराना ड्राइविंग लाइसेंस। **आयु–सीमाः** ट्रेड टेस्ट/स्किल टेस्ट की तिथि को अधिकतम 28 वर्ष। अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. हेतु भारत सरकार के आदेशानुसार अधिकतम आयु–सीमा में छूट है।	23 नवम्बर 2017 प्रातः 9:00 बजे

सामान्य शर्तेः

1. यह आबंधन अस्थाई है।
2. आबंध पांच माह के लिए होगा, जिसे प्रायोजित परियोजना की अवधि/अपेक्षित स्तर के निष्पादन अथवा पदधारी के आचरण, जैसी भी स्थिति हो, के आधार पर बढ़ाया या घटाया जा सकता है। परियोजना स्टाफ के निष्पादन की समीक्षा आवधिक रूप से की जाएगी ताकि स्तर के अनुरूप न पाए जाने पर उसकी सेवा समाप्त की जा सके अथवा उसे प्रतिस्थापित किया जा सके।
3. आबंध, परियोजना की अवधि से सह–विस्तारी होगा। ये सभी पद अस्थायी हैं और भा.पे.सं./वै.औ.अ.प. की नियुक्ति नहीं हैं और इससे पदधारी को भा.पे.सं./वै.औ.अ.प. में किसी भी पद पर किसी भी प्रकार के दावे का निहित अथवा स्पष्ट अधिकार नहीं प्रदत्त हो जाएगा।
4. परियोजना स्टाफ का एक परियोजना से दूसरी परियोजना में अंतरण नियमों के तहत होगा। परियोजना सहायक का नई परियोजना में आबंध पूर्ववर्ती परियोजना में ''बेबाकी प्रमाणपत्र'' व ''अदेयता प्रमाणपत्र'' की प्रस्तुति तथा पूर्ववर्ती परियोजना से त्यागपत्र की प्रस्तुति के उपरांत ही किया जाएगा।
5. चयनित अभ्यर्थियों से वाहन को प्रतिदिन लगभग 200 कि.मी. चलाने की अपेक्षा की जाएगी।
6. ट्रेड टेस्ट/स्किल टेस्ट में उपस्थित होने एवं कार्य पर उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।
7. चयन, ट्रेड टेस्ट/स्किल टेस्ट के आधार पर किया जाएगा।

टिप्पणीः भारत की राष्ट्रीयता वाले पात्र एवं इच्छुक **अभ्यर्थी उपर्युक्त तिथि, समय और स्थल/पते पर साक्षात्कार हेतु** यथाविधि भरे हुए आवेदन–पत्र, जिसे हमारे संस्थान की वेबसाइट **www.iip.res.in** से डाउनलोड किया जा सकता है, और जो (i) शैक्षिक अर्हता/ड्राइविंग लाइसेंस, (ii) आयु, (iii) श्रेणी (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व अभ्यर्थियों के विषय में), (iv) अनुभव, यदि कोई हो, से संबंधित प्रमाणपत्रों की अनुप्रमाणित प्रतियां, (v) विस्तृत बायोडाटा तथा (vi) एक नवीनतम पासपोर्ट आकार के छायाचित्र सहित हों, के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

सत्यापन हेतु मूल–प्रमाणपत्र अपेक्षित होंगे, जिन्हें उसी दिन सत्यापन के उपरांत अविलंब लौटा दिया जाएगा। अभ्यर्थियों के पास ट्रेड टेस्ट/स्किल टेस्ट के दौरान हिंदी में उत्तर देने का विकल्प होगा। भविष्य में कोई अपेक्षाएं होंगी तो पैनल तैयार किया जा सकता है। **किसी भी रूप में पक्ष प्रचार को पदों हेतु अनर्हता माना जाएगा।**

प्रशासन नियंत्रक

निदेशक
भारतीय पेट्रोलियम संस्थान
पो0 ऑ0–आइ आइ पी, मोहकमपुर, देहरादून (उत्तराखंड)–248 005

पासपोर्ट आकार का हस्ताक्षरयुक्त नवीनतम चित्र चिपकाएं

परियोजना सहायक (ड्राइवर) हेतु आवेदन–पत्र, विज्ञापन सं0 03/2017 के माध्यम से विज्ञापित

1	अभ्यर्थी का नाम	
2	पिता/माता/ का नाम	
3	जन्म तिथि एवं **आयु** (ट्रेड टेस्ट/स्किल टेस्ट की तिथि को)	
4	(i) स्थायी पताः (इ–मेल पते और संपर्क सं. सहित)	
	(ii) पत्राचार हेतु पताः	
5	राष्ट्रीयता एवं श्रेणी अजा/अजजा/अपिव एवं पीडब्ल्यूडी	
6	क्या आप किसी भापेसं/वैऔअप कर्मचारी से संबंधित हैं, यदि हां, तो विवरणः	
7	अर्हता (निम्नलिखित क्रम में)	

उत्तीर्ण परीक्षा एवं वर्ष	विश्वविद्यालय/बोर्ड का नाम	विषय	अंकों का प्रतिशत एवं श्रेणी
मैट्रिक/10वीं			

8. संबंधित अनुभव का विवरण (भापेसं/वैऔअप के साथ पूर्व के आबंध के विवरण सहित), यदि कोई होः

संगठन	पद का नाम	कार्यों की प्रकृति	परिलब्धियां	कुल सेवा	तिथि दी जाए	
					से	तक

9	तकनीकी ज्ञान	
10	कोई अन्य सूचना, यदि कोई हो	

11. ड्राइविंग लाइसेंस संबंधी विवरणः

लाइसेंस धारक का नाम	जारी करने का वर्ष	विधिमान्यता अवधि	वाहन का प्रकार

मैं .... एतदद्वारा यह घोषणा करता हूं कि आवेदन में दिए गए कथन मेरी संपूर्ण जानकारी के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही हैं और यदि इनमें से कोई भी सूचना असत्य, त्रुटिपूर्ण पाई जाती है अथवा मेरी कोई अपात्रता पाई जाती है तो मेरी अभ्यर्थिता रद्द की जा सकती है और मेरे विरुद्ध कार्रवाई की जा सकती है।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर व तिथि

<u>संलग्नः</u> उपर्युक्त सूचना/दावों से संबंधित प्रमाणपत्र